Helpline No.:-(+91)-7597122440

# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड़, जयपुर (राज.) - 302026

वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्स: 0141-2850551-75

क्रमांक : प()जरारासंविवि / परीक्षा–गोप. / 2022 / 257 दिनांक : 11/07/22

**समस्त प्राचार्य / केन्द्राधीक्षक,**
**समस्त शिक्षाशास्त्री परीक्षा केन्द्र,**
**संबंद्ध जरारासंविवि, जयपुर**

**विषय :– विश्वविद्यालय की सत्र 2021–2022 की मुख्य परीक्षायें आयोजित करने बाबत आवश्यक दिशा–निर्देश।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा 2022 निम्नानुसार सम्पन्न करवाई जायेगी–

1. शैक्षणिक सत्र 2021–22 की विश्वविद्यालय की समस्त (स्नातक / स्नातकोत्तर / व्यावसायिक / सेमेस्टर / डिप्लोमा) परीक्षायें आयोजित होगीं। साथ ही शैक्षणिक सत्र 2021–22 कोविड–19 वैश्विक महामारी के कारण यथा समय प्रारम्भ ना होकर विलम्ब से प्रारम्भ होने के मध्यनजर रखते हुए समयावधि पाठ्यक्रमानुसार 03 घण्टे (तीन घण्टे) निर्धारित है के स्थान पर प्रति प्रश्न–पत्र 1½ घण्टे समयावधि निर्धारित की जाती है तथा परीक्षार्थी को प्रत्येक प्रश्न–पत्र में से कुल पूर्णांको के 50 प्रतिशत प्रश्न–पत्र को ही हल करना होगा।
2. परीक्षार्थियों को दिये गये प्रश्न–पत्र में विकल्प जैसे–यूनिट / इकाई तथा अथवा / OR के अनुसार प्रश्नों को हल करने की बाध्यता नहीं होगी। परीक्षार्थियों को प्रत्येक प्रश्न–पत्र में से कुल पूर्णांकों के 50 प्रतिशत प्रश्न–पत्र को ही हल करना होगा। परीक्षार्थी द्वारा उक्त निर्धारित अंक सीमा से अधिक प्रश्नों को हल करने पर अतिरिक्त प्रश्नों के हल को स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसी स्थिति में परीक्षार्थी द्वारा उत्तर–पुस्तिका में हल किये गये सर्वोत्तम प्रश्नों को ही निर्धारित अंक सीमा तक स्वीकार किया जायेगा। परीक्षक द्वारा मूल्यांकित किये गये 50 प्रतिशत प्रश्नों के अंकों को 100 प्रतिशत में परिवर्तित करते हुये विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया जावेगा।
3. शैक्षणिक सत्र 2021–22 की समस्त प्रायोगिक परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त बाह्य परीक्षकों से परीक्षार्थियों के द्वारा महाविद्यालय में जमा करवाई गई फाईल / असाइनमेंट के आधार पर ही आयोजित करवाई जायेगी। इस संबंध मं नियमित रूप से अध्ययनरत परीक्षार्थी सम्बन्धित महाविद्यालय / विभाग के निर्देशन में फाईल / असाइनमेंट तैयार कर जमा करवायेगे तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थी आवंटित प्रायोगिक प्रशिक्षण केन्द्र के शिक्षकों के निर्देशन में फाईल / असाइन्मेंट तैयार करेगें तथा अपनी फाईल / असाइनमेंट प्रायोगिक परीक्षा के प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर प्रायोगिक परीक्षा के प्रमाण–पत्र के साथ अनिवार्य रूप से जमा करवायेगें। शिक्षा संकाय एवं योग विभाग के समस्त परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं संबंधित परीक्षा केन्द्र / महाविद्यालय में विद्यार्थियों को 10–10 के समूह में बुलवाकर आयोजित की जावेगी।
4. कोविड–19 के परिप्रेक्ष्य में यू.जी.सी. एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों की अनविार्य रूप से पालना सुनिश्चित करें।

11/7/22

परीक्षा नियंत्रक

**STUDENT COPY**

# जगदगुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

मदाऊ, भांकरोटा, जयपुर – 302026

## <u>अनुमति/प्रवेश पत्र परीक्षा वर्ष</u>

अनुक्रमांक (Roll No.)

नामांकन संख्या (Enrollment No.)

श्रेणी (नियमित/पूर्व/स्वंयपाठी)

परीक्षार्थी का नाम

पिता का नाम

Paste Your Photo & attested

| परीक्षा केन्द्र कोड संख्या | परीक्षा केन्द्र का नाम व पता |
|---|---|
| | |

परीक्षाकानाम

| क्र.संख्या | विषय/प्रश्नपत्रकोड | विषय/प्रश्न पत्र का नाम | शास्त्री/ आचार्य | परीक्षा तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

परीक्षार्थीकेहस्ताक्षर　　　　केन्द्राधीक्षककेहस्ताक्षर　　　　परीक्षानियंत्रक

**परीक्षार्थी के लिए आवश्यक निर्देश :-**

1. परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने के 15 मिनट पूर्व उपस्थित होवें |
2. परीक्षार्थी अनुमति/प्रवेश पत्र की दो प्रतियाँ परीक्षा केन्द्र पर लावें, जिन पर निर्धारित स्थान पर अपना सत्यापित फोटो (नियमित/पूर्व परीक्षार्थी संबंधित महाविधालय के प्राचार्य से एवं स्वंयपाठी परीक्षार्थी किसी राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित करावें) एवं हस्ताक्षर कर एक प्रति परीक्षा केन्द्र पर जमा करावें व एक प्रति परीक्षा के दौरान स्वंय के पास रखें |
3. नियमित, पूर्व परीक्षार्थी परीक्षा के दौरान महाविद्यालय द्वारा जारी परिचय पत्र साथ में लावें |
4. परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिका पर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपने रोल नम्बर, नामांकन संख्या व अन्य प्रविष्टियां ध्यानपूर्वक अंकित करें |
5. प्रश्न पत्र संबंधी शिकायत परीक्षा तिथि से 7 दिन की अवधि में परीक्षा केन्द्राधीक्षक द्वारा अग्रेषित होकर आने पर ही स्वीकार की जायेगी, इसके पश्चात प्राप्त शिकायत पर कोई विचार नहीं किया जायेगा |
6. परीक्षार्थी परीक्षा के दौरान केन्द्राधीक्षक द्वारा प्रदत परीक्षा संबंधी निर्देशों की पालना करेगा एवं वीक्षक को उत्तर पुस्तिका जमा कराने के पश्चात् परीक्षा भवन छोड़ेगा |
7. परीक्षा केन्द्र पर मोबाइल, इलैक्ट्रोनिक उपकरण व अनुचित सामग्री लाना पूर्णतया प्रतिबंधित हैं |
8. परीक्षार्थी अपने अनुमति/प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की विसंगति होने पर अविलम्ब परीक्षा विभाग के दूरभाष संख्या 0141-5130243 पर कार्यालय समय में संपर्क करें |
9. सभी प्रकार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र विश्वविधालय मुख्यालय, जयपुर पर होगा |